14/09/2023

अपील

(राजभाषा प्रचार – प्रसार)

विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की राजभाषा प्रचार-प्रसार संबंधी नीतियों के अनुरूप हमारा विद्यालय भी राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु कृत संकल्प है। इसी संदर्भ में सितम्बर माह में राजभाषा हिन्दी से संबन्धित गतिविधियों का विशेष कार्यान्वन किया जाएगा। आप सब से आशा की जाती है कि सितम्बर माह में विद्यालय के विभिन्न दैनिक क्रियाकलापों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे तथा विद्यार्थियों में भी राजभाषा को अपनाने के प्रति उत्साहपूर्ण वातावरण सृजित करेंगे। अतः सितम्बर माह में निम्नांकित निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाए :-

◦ सभी विभागाध्यक्षों द्वारा एवं विषय समिति समन्वयकों द्वारा सूचनाएँ, निर्देश आदि यथासंभव हिन्दी में प्रेषित किए जाएं।

◦ कार्यालय द्वारा चैक, टिप्पण, पत्र आदि हेतु राजभाषा हिन्दी व लिपि देवनागरी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।

◦ सितम्बर माह में विद्यार्थी व कर्मचारी हिन्दी के प्रचार -प्रसार हेतु प्रश्नोत्तरी व अन्य गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

◦ इस अवधि में विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाए।

◦ हिन्दी राजभाषा के महान साहित्यकारों के विचार लिखवाकर हिन्दी भाषा का प्रचार- प्रसार किया जाए।

(प्राचार्य)